तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 7 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 596 आवेदकों ने कराया पंजीयन, 7 को नियुक्ति



## खबर संक्षेप

### रेलवे के प्रबंधक एवं डीआरएम का निरीक्षण आज

**अम्बिकापुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रबंधक तरूण प्रकाश एवं डीआरएम राजमल खाईवाल शुक्रवार को विशेष सैलून से अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे एवं अमृत मिशन के तहत स्टेशन परिसर में किए गए कार्यों एवं निर्माणाधीन पिट लाइन का निरीक्षण करेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रबंधक तरूण प्रकाश एवं डीआरएम राजमल खाईवाल शुक्रवार को रात्रि 11 बजे विशेष सैलून से अम्बिकापुर के लिए रवाना होंगे तथा शुक्रवार को सुबह 5.30 बजे अम्बिकापुर स्टेशन पहुंचेंगे। रेलवे के दोनों वरिष्ठ अधिकारी अम्बिकापुर स्टेशन परिसर एवं निर्माणाधीन पिट लाइन का निरीक्षण करने के बाद सड़क मार्ग से परसा साइडिंग के लिए रवाना होंगे। परसा साइडिंग के निरीक्षण उपरांत वापस लौट रेल अधिकारियों से चर्चा करेंगे तथा स्थानीय लोगों से मिलेंगे व शाम में विशेष सैलून से विण्डो निरीक्षण करते हुए वापस बिलासपुर के लिए रवाना होंगे।

### उत्कर्ष योजना के तहत छठवीं कक्षा में प्रवेश परीक्षा 30 को

**अंबिकापुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अन्तर्गत शिक्षण सत्र 2025-26 में जिले के अजा, अजजा वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु पूर्व निर्धारित प्राक्चयन परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसको अब 30 मार्च 12 बजे से 2 बजे तक किया गया है।



**रमज़ान मुबारक**
**छठवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.07 बजे
कल की सेहरी - 4.49 बजे

## नव निर्वाचित जनपद सदस्य का नगर में पुलिस ने निकाला जुलूस

# जनपद सदस्य ने की कैबिनेट मंत्री के खिलाफ मंच से अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के खिलाफ मच से अपशब्दों का प्रयोग करना जनपद सदस्य को भारी पड़ गया है। नव निर्वाचित जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही एक अपराधी की तरह नगर में उसका जुलूस निकाला। पुलिस ने जनपद सदस्य पर कैबिनेट मंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के साथ ही चुनाव के दौरान मतदान सामग्री लूटने और मतदान दल से गाली गलौज करने के मामले में अपराध दर्ज किया है।

**खास बात**
- मंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी और मतदान सामग्री लूटने के मामले में अपराध दर्ज

बता दें कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक 12 से चुनाव जीतने के बाद 28 फरवरी को नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स ने रामचंद्रपुर में विजय जुलूस निकाला था। विजय जुलूस के दौरान बस स्टैंड में आम सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद बक्स ने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के खिलाफ मंच से ही अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस घटना के बाद जिलेभर में बवाल मचा। मंच से किए गए अपमानजनक शब्दों का वीडियो वायरल हुआ तो भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में रोष फ़ैल गया। इस मामले की शिकायत भाजयुमो जिला महामंत्री रामानुजगंज निवासी अश्विनी गुप्ता ने थाने में की थी। शिकायत कर्ता अश्विनी गुप्ता ने बताया था कि जनपद सदस्य की अभद्र टिप्पणी से क्षेत्र का भाई चारा का माहौल बिगड़ रहा है।

यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो आम शांति भंग हो सकती है। जिसके बाद पुलिस ने मामले में 4 मार्च को नव निर्वाचित जनपद सदस्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 के तहत अपराध दर्ज किया था। बुधवार को रामानुजगंज पुलिस ने मामले में जनपद सदस्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया लेकिन जेल भेजने से पहले कोर्ट से लेकर जिला जेल तक पैदल जुलूस निकाला।



आरोपी जनपद सदस्य को गिरफ्तार कर पैदल जेल ले जाती पुलिस।

### क्या कहा था जनपद सदस्य ने

बता दें कि आम सभा के दौरान नव निर्वाचित जनपद सदस्य ने कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम को लेकर मंच से कहा था कि आदरणीय रामविचार नेताम जी जिन्होंने भाषण में अनिरूद्धपुर में क्या कहा, वहां के लोगों ने सवाल उठाया था कि, माननीय हमारे क्षेत्र से 10वीं, 12वीं का सेंटर उठाकर भथुआडामर, गाजर और लोधा में कर दिया गया। बताइए हमारे बच्चे कहां जाएंगे। उनका जवाब था ये सेंटर मो. बक्स की वजह से ट्रांसफर हुआ है। बताया गया था न? क्यों हुआ है पूछने पर मंत्रीजी ने कहा कि, मो. बक्स चीटिंग करवाता था, सामूहिक नकल करवाता था। इसलिए यहां के सेंटर को उठाकर भथुआडामर, गाजर और लोधा में किया गया है। अरे बेवकूफ। मैं उनसे पूछना चाहता हूं। शासन तुम्हारा है..प्रशासन तुम्हारा है..फोर्स तुम्हारे हैं। मैं कैसे चीटिंग कराया। बेवकूफ समझता है यहां के लोगों को। पागल समझे हो। शासन तुम्हारा है। केंद्राध्यक्ष को सस्पेंड करना चाहिए। प्रिंसिपल को सस्पेंड करना चाहिए। सेंटर को यहीं लगाना चाहिए था। ये क्या तर्क है कि चीटिंग हो रही है तो सेंटर हटा दिए। कल थाने में अपराध हो जाए तो थाना को उठाकर हटा देना। बता दें कि रामचंद्रपुर से 10वीं-12वीं की परीक्षा सेंटर को इस साल हटा दिया गया है। रामचंद्रपुर में बोर्ड परीक्षा के करीब 500 छात्र हैं, जिन्हें दूर भथुआडामर, लोधा और गाजर भेज दिया गया है। मो. बक्स ने कहा कि, अनिरूद्धपुर में इसे लेकर लोगों ने मंत्री रामविचार नेताम से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि, मो. बक्स नकल कराता था, इसलिए सेंटर हटा है। इससे पहले रामचंद्रपुर में स्वीकृत सेंटर को गाजर और भथुआडामर में ले गए। अनिरूद्धपुर में चुनाव के कैंपेनिंग के दौरान मंत्री ने यह कहा था।

### मतदान दल से सामग्री लूटने का आरोप

जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स पर मतदान सामग्री लूटने का भी अपराध दर्ज किया गया है। कोरंधा थाना के प्रेमनगर निवासी व शासकीय हाई स्कूल हर्री कुसमी के व्याख्याता खिलेश्वर राम की चुनाव ड्यूटी रामचंद्रपुर मतदान केंद्र क्रमांक 115 आंगनबाड़ी केंद्र में लगाई गई थी। शिक्षक का आरोप है कि 23 फरवरी को चुनाव संपन्न होने के बाद जब मतदान दल ताला बंद कर भोजन कर रहे थे तो जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स अपने लोगों के साथ ताला तोडकर अंदर घुस आए और मतदान दलों से गाली गलौज करने के साथ ही सामग्री लूटने का प्रयास किया। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना को भी प्रभावित करने का प्रयास किया। इस मामले में 5 मार्च को शिक्षक द्वारा रामचंद्रपुर थाने में शिकायत दी गई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(3), 296, 132, 174, 191 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



## सड़क व पुलिया निर्माण कार्यों की मेयर मंजूषा ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने नगर निगम, लोनिवि और एनएच विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण व अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए अप्रैल माह तक कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

- अप्रैल तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

बता दें कि गुरुवार को नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने नगरीय सीमा में स्थिति महत्वपूर्ण सड़कों के सुधार एवं उन्नयन कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे एवं नगर पालिक निगम अभियन्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्रों के महत्वपूर्ण सड़कों के सुधार एवं उन्नयन कार्य हेतु विस्तृत चर्चा की। चर्चा उपरांत लोक निर्माण विभाग के आधिपत्य की सड़कें जैसे- मां महामाया मंदिर से खरसिया रोड, चांदनी चौक से घुटरापारा की ओर पुलिया तक का आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य माह अप्रैल 2025 तक पूर्ण कराने हेतु कार्यपालन अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा आश्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त रिंग रोड में स्थित डिवाइडर-फुटपाथ की आवश्यक रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्य इसी माह पूर्ण किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियंताओं द्वारा नगरीय क्षेत्रों के उनके आधिपत्य की मुख्य मार्गो के मरम्मत प्रस्ताव एवं आबंटन प्राप्ति के प्रयासों की जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा शीघ्रता शीघ्र उपरोक्त प्रस्ताव को आबंटन हेतु प्रयास किये जाने हेतु आश्वासन दिया गया। उपरोक्त बैठक में कार्यपालन अभियंता, लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियन्ता एवं नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के अभियन्ता उपस्थित थे।

### लोक अदालत कल, वर्चुअल मोड से भी प्रकरणों का होगा निपटारा

**अंबिकापुर।** नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय अंबिकापुर के लिए 9 खंडपीठ का गठन किया गया है। इसके साथ ही तालुक विधिक सेवा समिति सीतापुर में एक खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत हेतु राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठ का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त लोक अदालत में वर्चुअल मोड के माध्यम से भी प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा जिसमें दूर-दराज के लोग उक्त माध्यम से जुड़कर अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकेगें।

रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ




डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)

- पागलपन - घबराहट - शक - डर - उदासी (डिप्रेशन)
- मिर्गी - सरदर्द - बार बार हाथ धोना - नशा - नींद नहीं आना
- लकवा एवं नसों से संबंधित बीमारियों के उपचार एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे

बच्चों में मनोरोग संबंधित परेशानी
- पढ़ाई में ध्यान न लगना - अधिक शरारती होना
- सामान तोड़फोड़ करना - दिमाग में कमजोरी महसूस होना

यहाँ माथा EEG जांच की सुविधा उपलब्ध है
दिनांक 09 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोटः डॉ. साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो.- 9713667433, 9617247433



## हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

श्री Ram JEWELLERS Madhya Nagari Chowk, Bilaspur
8 March Happy Women's Day

प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंटर | तृतीय पुरस्कार डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ..........
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ..........
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ..........
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ..........
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ..........
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ..........
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ..........
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ..........
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ..........

छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
Summer Camp for KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL CBSE AFFILIATED BILASPUR & AKALTARA
JES COLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

**नियम एवं शर्तें** - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

### विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT | NiceTec COMPUTER EDUCATION Since 1992
REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क
अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध
NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT)
भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग
Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज से

**बैकुण्ठपुर।** 7 एवं 8 मार्च को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र संकाय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका प्रमुख विषय स्वास्थ्य भारत के लिए मिलेट्स का महत्व एवं संभावनाएं है। इस बहु-विषयक संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य मिलेट्स के महत्व के विषय पर चर्चाएं करना एवं उसकी बढ़ती संभावनाओं को ढूढ़ना है। चूंकि मिलेट्स हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं। ये पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई तरह की समस्याओं में फायदेमंद होता है। इस बहु-विषयक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में निर्धारित विषय में विभिन्न राज्यों के विद्धानों के द्वारा संक्षिप्त सारगर्भित शोधसार सम्मिलित किया गया है।

### 281 गांवों में लगेंगे दो दिवसीय शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिले में किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत 5 मार्च से कृषक पंजीयन शुरू हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार बैकुंठपुर, पटना, पोड़ी-बचरा और सोनहत तहसील के 281 गांवों में दो दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किसानों को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे वे पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन निःशुल्क होगा। और किसानों को आधार कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर शिविर स्थल पर प्रस्तुत करना होगा।

### रिटायर कर्मियों के साथ अन्याय कर रही सरकार- राजेन्द्र

**बैकुण्ठपुर।** छग शिक्षक फेडरेशन उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि छग राज्य को स्थापित हुए दो दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश अब भी कुछ नीतिगत विसंगतियां बनी हुई हैं, जो राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने अपने नियमित कर्मचारियों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) की घोषणा की, जो एक स्वागतयोग्य कदम है किंतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है और उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित होने की प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य किया गया है।

### शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री, प्रदेशाध्यक्ष समेत कई दिग्गज हुए शामिल

# चिरमिरी महापौर रामनरेश समेत 40 पार्षदों ने ली शपथ

**बैकुंठपुर/डोमनहिल।** एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी में 6 मार्च को नवनिर्वाचित महापौर रामनरेश राय समेत 40 पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर निगम परिसर में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, संजय अग्रवाल सहित कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे। कलेक्टर एमसीबी ने महापौर और पार्षदों को शपथ दिलाई।

भाजपा के 27 पार्षदों ने मुख्य मंच से शपथ ली, जबकि कांग्रेस के 11 पार्षदों ने समारोह से दूरी बनाए रखी और कलेक्टर के चेंबर में शपथ ग्रहण किया। 2 निर्दलीय पार्षदों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे बताते हैं कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका है। भाजपा की सरकार ने 14 महीनों में जिस तरह विकास कार्य किए, उससे जनता संतुष्ट है। चिरमिरी का तेजी से विकास किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि चिरमिरी की जनता को धन्यवाद, जिन्होंने भाजपा का महापौर चुना और 27 पार्षदों को आशीर्वाद दिया। भाजपा सरकार गांव और शहर दोनों में विकास कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ा रही है।


शपथ ग्रहण में उपस्थित अतिथि।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**इन लोगों ने ली शपथ**

महापौर रामनरेश राय सहित पार्षद संतोष कुमार सिंह, रामअवतार,श्रीमती जगेश्वरी देवांगन गुलाम साबीर, श्रीमती रूकमणी सिंह, संदीप कुमार सोनवानी ,श्रीमती कलावती, श्रीमती मोती प्रधान, श्रीमती दीपा जायसवाल, नरेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती बाबी, श्रीमती पूर्वा स्थापक, मनोज डे, श्रीमती मधूरी कश्यप ,देवकरन सिंह, श्रीमती पूजा, रीमती अनुसूइया चौहान, सैयद अनीस,भागवत निर्मलकर, रंजीत कुमार, शालनी, राहुल कश्यप, रुकमनी केवट,मो. इकराम ,मो.शाबुदीन, गंगा प्रसाद, हीराबाई चौहान, रजनी चौहान, नीलम सालूजा ,मनीस खटीक, सनी चौहथा, संध्या सोनवानी, सरोज पनिका, बिंदु यादव ,राहुल भई पटेल, इम्तियाज अहमद, आयूषी सिंह, दीपा दुबे, संजीत ने शपथ ली।

## नवगठित पटना में अध्यक्ष गायत्री एवं पार्षदों ने ली शपथ

पटना। नगर पंचायत पटना के नव निर्वाचित अध्यक्ष गायत्री सिंह एवं पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत परिसर में आयोजित किया गया।

समारोह में प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, विधायक भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जवाहरलाल गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया मोहित पैकरा, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, रविशंकर शर्मा, लक्ष्मण राजवाड़े, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू सहित कई गणमान्य नेता एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी दीपिका नेताम ने अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि वे नगर पंचायत के विकास और स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं समृद्ध पटना बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, अनिल खटिक, किशोर सिरदार, संजय चिकनजुरी, मैनेजर राजवाड़े, सुभाष साहू, अनिरुद्ध ठाकुर, ,कपिल जायसवाल, तीरथ राजवाड़े, अरशद खान, सुनील सिंह, ललिता यादव ,संपत कुशवाहा, रितेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, जगदीश साहू, अहिबरन सिंह, निर्मला पोया, प्रमिला सिंह, ज्योति देवांगन, रेखा वर्मा, गौरव अग्रवाल उर्फ गोलू, अमित सिंह टिंकू, राकेश गुप्ता, शारदा गुप्ता, चंद्रकली राजवाड़े, सत्यम साहू, विष्णु साहू, मनोज सोनवानी, धीरेन्द्र पोया सहित नगर के गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत पटना के नागरिकों को अब नवनिर्वाचित परिषद से विकास कार्यों की उम्मीद है, जिसमें स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क, बिजली एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुधार की प्राथमिकता रहेगी।




## नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** गुरूवार को नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें अनेक अतिथियों की उपस्थिति रही। यह आयोजन नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों के शपथ ग्रहण समारोह के रूप में ऐतिहासिक बन गया।

इस अवसर पर छग सरकार के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री एवं जिला एमसीबी के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विधायक एवं प्रदेशध्यक्ष भाजपा छग किरण सिंह देव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह, विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष एमसीबी चंपादेवी पावले, पूर्व अध्यक्ष योग आयोग छग शासन संजय अग्रवाल, एसडीएम लिंगराज सिदार, उप अभियंता पवन कुमार साहू एवं नम्रता सिंह, मिशन मैनेजर रुचि पाण्डेय, राजस्व उप निरीक्षक शिवनारायण मिंज और सहायक राजस्व निरीक्षक अमजद खान की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थी। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव को एसडीएम लिंगराज सिदार द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई, इसके साथ ही नगर पालिका के वार्ड क्रं. 1 से 22 तक के सभी पार्षदों ने शपथ ली। सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और जनता की सेवा में समर्पित रहने का संकल्प लिया। इसके साथ ही शपथ ग्रहण के पश्चात मंचासीन अतिथियों को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह का समापन नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ की मुख्य नगर अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। आयोजन का सफल मंच संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया।



## केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में विदाई समारोह



**चिरमिरी।** केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में सब स्टाफ के पद पर कार्यरत शिव कुमार के सेवानिवृत्ति के अवसर पर 28 फरवरी को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पाल उदय अरोंग ने उन्हें पुष्प हार, पुष्प गुच्छ, श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुश्री रश्मि शिखा ने किया। उन्होंने बताया कि शिव कुमार ने 1992 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन में कार्यभार ग्रहण किए थे और 32 वर्ष 6 माह तक विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्राचार्य श्रीमती सुजाता भारद्वाज ने शिव कुमार को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिव कुमार अपने दायित्व के प्रति सदैव सजग एवं अनुशासित रहे हैं। मेरे कार्यकाल में भी उन्होंने बड़ी लगन और मेहनत से कार्य किया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने शिव कुमार के समर्पण, अनुशासन और सहृदयता की सराहना की। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके सहयोगी स्वभाव और विद्यालय के प्रति उनकी निष्ठा को याद किया। इस दौरान कार्यालय स्टाफ नवीन सैनी और जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने शिव कुमार को उपहार भेंट कर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की, इसके अलावा अन्य स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवारजन ने भी उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। विद्यालय के प्राचार्य पाल उदय अरोंग ने शिव कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को यादगार बताया। उन्होंने शिव कुमार की समय पालन की आदत की प्रशंसा की और विद्यालयीन दायित्वों को पूर्ण करने में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही विदाई समारोह को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में जब शिव कुमार ने मंच से अपने अनुभव साझा किए, तो माहौल भावुक हो गया। उन्होंने कहा कि अगर मुझसे कभी कोई भूल हुई हो, तो मैं क्षमा चाहता हूं। यह विद्यालय और यहां के लोग हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में स्टाफ क्लब प्रभारी श्रीमती अंजू वर्मा, सुश्री दिव्या जैन और विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बिना अनुमति चिकित्सक चले गए अवकाश पर

**मनेन्द्रगढ़।** खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को एक विभागीय पत्र सौंपते हुए अवगत कराया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्य न करने व अनाधिकृत रूप से बिना वेतन के अवकाश में चले गए हैं, इससे अस्पताल के स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कार्यरत अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुष आनंद, डॉ. आलोक दास, डॉ. एकता गुप्ता, एनएचएम अंतर्गत कार्यरत डॉ. भावना सिंह द्वारा नो वर्क नो पेमेंट का आवेदन देकर अपने कार्य में 4 मार्च से अनुपस्थित हैं। डॉ. अंजली खलखो एनएचएम चिकित्सा अधिकारी 4 मार्च से बिना सूचना के अनुपस्थिति है व फोन भी रिसीव नहीं कर रही है। डॉ. भूकेश पैकरा द्वारा गुरूवार को आपातकालीन ड्यूटी करने से मना कर दिया गया है साथ ही फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है। डॉ.अर्चना कुम्हारे नियमित चिकित्सा अधिकारी 3 माह का चाईल्ड केयर लीव का आवेदन देकर 1 मार्च 2025 से 1 जून 2025 तक अवकाश पर हैं।

## 596 आवेदकों ने कराया पंजीयन, 7 को नियुक्ति

**बैकुण्ठपुर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में सत्या माइक्रोकेपिटल लिमिटेड, एसआईएस इंडिया लिमिटेड और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस बैकुंठपुर सहित कुल तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

इस प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न पदों के लिए कुल 319 रिक्तियों के लिए आवेदन मांगे गए थे। रोजगार की तलाश में पहुंचे 596 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिसमें से कई उम्मीदवारों को कंपनियों ने प्रारंभिक रूप से चयनित किया। मौके पर ही जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने 7 आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियोजकों द्वारा शेष आवेदकों का प्रारंभिक चयन कर लिया गया है, जिनका अंतिम चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत किया जाएगा। इस आयोजन से जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का बेहतरीन अवसर मिला है। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने यहां पहुंचे युवाओं से कहा कि यह अंतिम अवसर नहीं है, इसलिए अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए योग्यता व हुनर को तेजी से विस्तार करें।



**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./....../अ-20(3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. ओमप्रकाश अग्रवाल उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी 601/डी-2 नर्मदा परिसर गली नम्बर 16-17 शांतिनगर राजीव गांधी वार्ड जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला महाराजा गली नगर अम्बिकापुर नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1054/6 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को अनावेदक/क्रेता श्रीमती एकता गुप्ता पत्नी रानू गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी जोडा पीपल गुरूनानक वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर. जिला-सरगुजा छ.ग. के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा अपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक-24/03/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल चौधरी आ. धनंजय चौधरी व अन्य निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 143/1 रकबा 1.340 हे. मेसे रकबा 0.405 हे. भूमि को अनावेदक सरस्वती शिशु मंदिर समिति देवीगंज रोड पदेन अध्यक्ष सुभाषचंद्र अग्रवाल आ.स्वा. श्री राम अग्रवाल निवासी नवापारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रुपये 2,20,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबध में यदि कित्ती व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.03.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार अम्बिकापुर, सरगुजा**

डॉ. दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 09 मार्च, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
लेजर के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

मूत्र रोग विशेषज्ञ
20 मार्च 2025 दिन बुधवार
डॉ.राहुल कपूर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL

रांची (कांके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 9 मार्च 2025, दिन - रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% सर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
शनिवार, 22 मार्च 2025
प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 8 मार्च 2025
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ. भुवन शर्मा
डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
डॉ. करण सराफ
डॉ. बी. मिंज
1.5 Tesla MRI
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
09 मार्च 2025 प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
डॉ. मनीष टावरी

TOP IN SURGUJA

स्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
गायत्री हॉस्पिटल
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया
डॉ. गौरव अहलूवालिया

## खबर संक्षेप

### आयुष चिकित्सकों को दिया गया पैलिएटिव केयर का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** आयुष विभाग द्वारा डीपीडीएमआईएस टायर-4 राष्ट्रीय कार्यक्रम वयोमित्र तथा पैलिएटिव केयर का प्रशिक्षण चिकित्सा अधिकारी फार्मासिस्ट को होटल आदित्य ज्योति में दिया गया। डॉ.शिवशंकर पाठक डीपीडीएमआईएस टीयर-4 के माध्यम से ओपीडी स्तर पर औषधियों के वितरण का ऑनलाईन रिकॉर्ड संधारित करने, औषधि मांग पत्र व सप्लाई में पारदर्शिता आने की जानकारी दी। मंगलवार को वियोमित्र एवं पैलिएटिव केयर का प्रशिक्षण दिया गया। वयोमित्र 60 वर्ष व 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के स्वास्थ्य पर केंद्रित है। वयोमित्र एप में मिनी मेंटल स्टेटस एग्जामिनेशन कर वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल वैज्ञानिक ढंग से की जा सकेंगी। डॉ.सुनील मंदिलवार, डॉ यूके साहू, डॉ.उमेश बालानी ने वयोमित्र का प्रशिक्षण दिया। पैलिएटिव केयर का प्रशिक्षण डॉ.डीके जायसवाल एवं डॉ.कुलदीप द्विवेदी ने दिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को सियान जतन क्लीनिक का आयोजन होता है। वयोमित्र में एक एप के माध्यम से रोगियों का रिकॉर्ड व्यवस्थित ढंग में रखा जाएगा।

### परीक्षार्थियों को अक्षत तिलक लगाकर परीक्षा हाल में कराया प्रवेश



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत केतका में नव निर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि राज्यपाल कोर्राम और युवा प्रभाग केतका द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों को अक्षत तिलक लगाकर सभी बच्चों को कलम देकर परीक्षा हाल में प्रवेश कराया। युवा प्रभाग केतका के द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल केतका के स्कूल प्रांगण में कतार बद्ध तरीके से खड़ा कर सर्व प्रथम बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर व माँ सरस्वती कि छायाचित्र में धूप बत्ती जलाकर परीक्षार्थियों को अक्षत तिलक लगाया। केन्द्राध्यक्ष द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप परीक्षा में किसी भी प्रकार का नकल सामग्री लेकर परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं करेंगे। भविष्य में आगे बढ़ना है तो नकल के सहारे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि समय का विशेष ध्यान देते हुए सभी प्रश्नों को हल करें और शांत दिमाग से सोचे विचारे फिर प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तैयार रहें। इस दौरान प्राचार्य जेआर शांडिल्य, उग्रसेन प्रसाद केसरी, हीरा लाल, श्रीमती निधि तिग्गा, श्रीमती अनामिका एक्का, श्रीमती संगीता सॉंडिल, दिनेश कुमार सिंह, सतेंद्र टेकाम, सरपंच जोबगा हितेन्द्र सिंह मरकाम, ट्विंकल मरावी, शशि कला कोर्राम,नीलू,कमलेश मरकाम, मान सिंह परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### होली व रमजान को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने दी गई समझाइश



**बिश्रामपुर।** होली व रमजान त्यौहार के मद्देनजर में लटोरी चौकी परिसर में लटोरी नायब तहसीलदार शैलेंद्र कुमार दिवाकर एवं चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में होली एवं रमजान त्यौहार को शांतिपूर्ण तथा आपसी सौहार्द बनाते हुए त्यौहार को मनाने की समझाईश दी गई। बैठक में अयोध्या जायसवाल, रविंद्र भारती, मैनेजर राजवाड़े, गिरवर राजवाड़े, अमरनाथ पैकरा, सुरेश सोनी, राजा सिंह, मोहम्मद ताहिर, मीर हसन, युवत सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष नूतन विश्वास, मोहरलाल चेरवा, सुरजीत व अन्य उपस्थित थे।

### सिलफिली के समीप अज्ञात वाहन से टकराया बाइक सवार युवक गंभीर

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 में सिलफिली बटालियन समीप बुधवार की देर रात अंबिकापुर से बाइक से अपने घर ग्राम पम्पानगर रामानुजनगर लौट रहा बाइक सवार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।घटना में बुरी तरह जख्मी युवक को स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने उपचार के लिए बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया ,यहां से युवक को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर भर्ती किया गया है। घायल युवक का नाम प्रीतम सिंह पिता कलम सिंह 21 वर्ष निवासी ग्राम पम्पानगर बताया गया है।युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है।

## निधन

### धनंजय पाण्डेय

**रामानुजगंज।** नगर के मां महामाया मंदिर के पुजारी व शिक्षक शिक्षक धनंजय पांडेय उर्फ



झालो का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया। धनंजय के आकस्मिक निधन से पूरे नगर में शोक की लहर है। आज अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

### ठेकेदार ने हितग्राहियों का राशि किया आहरण, अधूरा छोड़ा भवन

# अधूरे पीएम आवास ग्रामीणों के लिए बने समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना पीएम आवास निर्माण के आधे अधूरे होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी है। आलम यह है कि आवास का निर्माण कहीं डोर लेबल तक तो कहीं सिर्फ अहाता निर्माण ही हो हुआ है। पीएम आवास पूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बतौली क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में राशन दुकान संचालक द्वारा अधिकारियों के नाक के नीचे ठेकेदारी कर हितग्राहियों का राशि आहरण कर लिया। ऐसे में अब हितग्राही राशि लेने राशन दुकान संचालक का चक्कर काट रहे है जिससे राशि के अभाव में आज तक प्रधानमंत्री आवास अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण जर्जर झोपड़ी में रहने को मजबूर है।

**खास बात**

- राशि वापस मांगने ठेकेदार का चक्कर लगा रहे ग्रामीण

बतौली क्षेत्र में कुछ साल पूर्व ही हर पंचायतों में बड़ी संख्या में जरूरतमंद ग्रामीणों के नाम पीएम आवास स्वीकृत हुई। पीएम आवास स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने पक्के मकान बन जाने की आस जगी परंतु वह भी कुछ दिनों का ही था। शासन से पीएम आवास के लिए समय पर राशि ग्रामीणों के खाते में पहुंच गए और निर्माण कार्य भी ठेकेदारों द्वारा शुरू कर दिया। लेकिन ठेकेदार डोर लेबल तक ही कर आवास का आधे-अधूरे छोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जो 2-3 कमरे के कच्चा मकान में रहते है उसके नाम पीएम आवास स्वीकृत होने से परिवार के लोगों को उम्मीद थी कि अब कच्चे मकान से निजात मिल जाएगी और हर वर्ष कच्चे मकान में होने वाली खर्च से बचत होगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। पीएम आवास का काम तो शुरू किया गया लेकिन आधे अधूरे निर्माण के बाद काम बंद कर दिया गया। बतौली के पहाड़ी इलाका क्षेत्र ग्राम पंचायत गोविंदपुर के तराईदाँड़ जहां अब तक प्रधानमंत्री आवास के लगभग 10 घर राशि के अभाव में अधूरे पड़े है जिनका निर्माण ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था जो हितग्राहियों के आवास की राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। ऐसे में हितग्राहियों द्वारा राशि वापस लेने ठेकेदार के चक्कर काट रहे रहे है।



निर्माणाधीन पीएम आवास।

#### पीएम आवास से वंचित ग्रामीण

बतौली के दुरस्त पहाड़ी कोरवा क्षेत्र गोविंदपुर के तराईदाँड़,सेमरहिया, अमटीझरिया में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे निर्माण मात्र शो पीस बनकर रह गई है। डोर लेवल तक हुए निर्माण के बाद काम बंद हो जाने से निर्माणाधीन मकान खंडहर में तब्दील हो गए। हितग्राही सुनीता पति जमुना, परबतिया पति जयलाल का आरोप है कि गोविंदपुर में ही राशन दुकान संचालक मूर्तादांड निवासी दुलार यादव द्वारा ठेकेदारी किया जो हम लोग का आधार कार्ड, बैंक पास बुक को लेकर प्रधानमंत्री आवास राशि को अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया है जो जमुना से 70 हजार और जयलाल से 1 लाख 15 हजार की राशि लेकर प्रधानमंत्री आवास बनाने की बात कही लेकिन आज तक आवास अधूरा पड़ा हुआ है जिससे पीएम आवास से आज भी लोग वंचित है।

#### अधूरे निर्माण को पूर्ण कराने की मांग

गोविंदपुर के तराईदाँड़,सेमरहिया, अमटीझरिया के ग्रामीणों ने लंबे समय से आधे-अधूरे पड़े पीएम आवास को पूर्ण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी संपन्न हो गई है। नए सत्र में पीएम आवास के पूर्ण होने की आस जगी है। पूर्व में पीएम आवास डोर लेबल तक खड़ा तो कर दिया गया है लेकिन न तो छत ढलाई की गई है और न ही दीवार पर प्लास्टर और गेट लगाया गया है। डोर लेबल तक हुए पीएम आवास लंबे समय से अधूरा है जो अब जर्जर होने लगी है।

#### कराया गया है अवगत

राशन दुकान संचालक द्वारा आवास की राशि हितग्राहियों से ली गई है। इस संबंध में जिले के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। राशि वसूली कर अधूरा निर्माण को पूरा कराया जाएगा। साथ ही लापरवाह ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-रविन्दर प्रताप सिंह
पीएमजेएसवाई अधिकारी



## पैनल के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला जेल में 18 वर्ष से कम किशोरों को रखने की संभावना पर आज न्यायालय एसं बालक अधिकारी संरक्षण आयोग के निर्देश के अनुक्रम जिला जेल में निरुद्ध बंदियों में यदि कोई 18 वर्ष से कम आयु का है तो उम्र सत्यापन किए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जेल निरीक्षण पैनल द्वारा तहसीलदार एवं पैनल के सदस्यों द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया।

जिला जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी द्वारा निरीक्षण पैनल को साथ में लेकर जेल के सभी बंदियों से मुलाकात करवाया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा जेल के बंदियों से 18 वर्ष से कम आयु के किशोर जेल में है या नहीं इस संबंध में निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान 18 वर्ष से आयु का कोई नही पाया गया। इसी बीच जेल निरीक्षण के दौरान दो बंदियों द्वारा उनके घर पर उनके बच्चों का देखभाल करने वाले नहीं है ऐसी जानकारी पैनल के समक्ष आई। पैनल द्वार उन दोनों बंदियों का नाम, पता लेकर संबंधित ग्राम में उन बच्चों के संबंध में जानकारी इकट्ठा की जाएगी। यदि बच्चों का देखभाल एवं संरक्षण करने वाले नहीं होंगे तो उन बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जाएगीं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार समीर शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियांक पटेल, जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज चतुर्वेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, अधिवक्ता संजय भारत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र गुप्ता, संरक्षण अधकारी अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## नगर के स्नेह मिलन में कोयला मजदूर सभा की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों सहित कोल श्रमिकों से जुड़ी समस्याओं व उनके समाधान हेतु किया गया विचारविमर्श

कोयला मजदूर सभा एचएमएस के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुधवार पांच मार्च को एसईसीएल बिश्रामपुर के स्नेह मिलन भवन में संपन्न हुई।एचएमएस संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव की अध्यक्षता और संगठन महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में सेंट्रल वर्किंग कमेटी के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य तथा एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।दिन भर चली बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों सहित कोयला श्रमिकों से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्रमिक कल्याण, संगठन सदस्यता, संगठनात्मक चर्चा, श्रम नीतियों में सुधार और भविष्य की रणनीतियों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।सभी क्षेत्रों से आए महामंत्री अध्यक्षों और सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे और संगठन की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक के अंत में पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघ के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने कहा कि कोयला मजदूर सभा श्रमिक हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए शुरू से लड़ता आया है और आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कोयला मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ता रहेगा।उन्होंने कहा कि कोयला मजदूर जान जोखिम में डाल कोयला उत्पादन करता है,उत्पादित कोयला से राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति होती है,देश की प्रगति में कोयला मजदूरों का अहम योगदान है जिसको इंकार नहीं किया जा सकता है।केंद्रीय कार्यकारिणी के बैठक को सफल बनाने संघ के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा,अध्यक्ष रामाशीष पॉल, सचिव अरविंद सिंह,परमजीत सिंह ,नरेंद्र चौहान एवं कार्यकर्तागण सक्रिय रहे।



बैठक में उपस्थित मजदूर सभा के सदस्य।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के प्रस्तावक राहुल अग्रवाल एवं समर्थक संदीप अग्रवाल रहे। वहीं वाइस चेयरमैन ओमकार पांडे के प्रस्तावक बाबूलाल अग्रवाल एवं समर्थक लोकेश पैकरा रहे। कोषाध्यक्ष श्रवण जैन के प्रस्तावक नीरज अग्रवाल एवं समर्थक प्रवेश गोयल रहे।

राज्य प्रबंध समिति सदस्य जिला प्रतिनिधि सेवानिवृत आईएस अशोक अग्रवाल के प्रस्तावक विजय राज अग्रवाल एवं समर्थक मुकेश गर्ग रहे। निर्वाचित जिला सदस्य हेतु प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, विजय राज अग्रवाल, उपेंद्र दुबे, बलराम शर्मा, प्रवेश गोयल, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजीव कुमार सिंह, लोकेश पैकरा, राहुल अग्रवाल, पवन कुमार गर्ग, विकास अग्रवाल, ललित कुमार गोयल, संत सिंह, शैलेश कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, मनोज सोनी, अंशुल गोयल, चंदन कुमार सिंह, आदर्श कुमार तिवारी, नौशाद अहमद, नितेश गुप्ता, नीरज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सूरजपुर के प्रबंध समिति में निर्विरोध निर्वाचित जिला सदस्य घोषित किए गए।




निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य।

### मंत्री लक्ष्मी के प्रतिनिधित्व में जनपद पंचायत ओड़गी में भाजपा का कब्जा

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ओड़गी जनपद में आज अध्यक्ष एवं



उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित श्रीमती इंद्रमणि पैंकरा निर्विरोध अध्यक्ष बनी वहीं श्रीमती सुधा तिवारी उपाध्यक्ष चुनी गई है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने निर्विरोध अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई दी। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार गांव, गरीब,महिलाओं और किसान की मदद करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब एवं वंचित वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा कर प्रगति के नए मापदंड स्थापित करती रहेगी।

## 50 सालों में पहली बार मार्च में न्यूनतम पारा पहुंचा 8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव के कारण गर्मी के बीच एक बार फिर ठंड लौट आई है। उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट होने का क्रम जारी है। मौसम विज्ञानी सर्द हवाओं का प्रवाह आगे बढ़ने के बाद फिर से तापमान में वृद्धि होने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

हाल में उत्तर भारत के राज्यों में हुई बर्फबारी का असर सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ पर पड़ रहा है। उत्तर व पश्चिमोत्तर की हवाएं अपने साथ बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिसके प्रभाव से गर्मी खत्म होने के साथ ही फिर से ठंड ने पलटवार कर दिया है। 50 सालों में पहली बार मार्च के महीने में ऐसी स्थिति निर्मित हुई है कि न्यूनतम तापमान में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई। मार्च में दो दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में पहली बार 7.3 डिग्री की गिरावट होने के बाद तापमान 8.0 डिग्री पर पहुंच गया है। 50 सालों के भीतर मार्च के महीने में कभी भी ऐसी स्थिति नहीं बनी जब तापमान में इतनी गिरावट हुई हो तथा न्यूनतम पारा 8.0 डिग्री पहुंच जाए। चार दिनों पूर्व दिन का तापमान 33.3 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। तापमान में हो रही वृद्धि हो देखते हुए अब गर्मी बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा था। इस दौरान विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के प्रभाव से मौसम में बदलाव आने के साथ ही तापमान में गिरावट होने का क्रम शुरू हो गया। हालत यह है कि गुरूवार को अधिकतम तापमान गिरकर 28.4 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मार्च में सूर्य 23.5 डिग्री मकर रेखा से 0 डिग्री भूमध्य रेखा की ओर प्रभावी होता है। पृथ्वी से सूर्य की निकटता बढ़ने के कारण गर्मी बढ़ जाती है। 21-22 मार्च को सूर्य भूमध्य रेखा पर पूरी तरह लम्बवत हो जाएगें जिसके बाद दिन की अवधि 10 घंटे से बढ़कर 11.5 घंटे हो जाती है। मार्च में गर्मी का प्रभाव दिखने लगता है। 50 सालों के भीतर पहली बार मार्च में न्यूनतम पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि ठंडी हवाओं का प्रवाह आगे निकलने पर फिर से तापमान बढ़ने का क्रम प्रारम्भ होगा।



## दीदियों के साथ सेवा किटी ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सेवा किटी समूह ने स्वच्छता दीदियों के साथ महिला दिवस मनाया एवं पुराने बस स्टैण्ड स्थित आरएमएल सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। सेवा किटी की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती संतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सेंटर की प्रभारी ज्ञान लता ने सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान स्वच्छता दीदियों ने आकर्षक नृत्य-गीत की प्रस्तुति दी। सेवा किटी द्वारा सभी स्वच्छता दीदियों को आवश्यक सामग्री और मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान विभिन्न खेल हुए जिसमें सभी ने भागीदारी की। खेल में अच्छे प्रदर्शन के लिए अस्मिता टोप्पो, शांति तिग्गा, ज्योति, मयाती, जेमनी, श्रीमती बलम देवी, सम्भली, मानती एक्का को सदस्यों ने पुरस्कृत किया।



### वन अमले ने ग्रामीण के घर से जब्त की 30 हजार कीमत की 32 नग लकड़ी

**डांड़गांव।** लक्ष्मणगढ़ में वन अमले ने एक ग्रामीण के घर दबिश देकर 30 हजार कीमत का 22 नग साल चिरान जब्त किया है। ग्रामीण के लिए राजसात की कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में गश्त कर रहे वन अमले को मुखबिर से सूचना मिली कि उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ के डुगुपारा निवासी ईश्वर गोड आ. पीला राम के घर बड़ी संख्या में साल चिरान रखे हुए है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीण के दबिश दी। जब वन अमला ईश्वर गोंड आ. पीला राम के यहां दबिश दी तो उसके घर मे लकड़ी फड़ाई चल रहा था। जिस पर वन अमले ने मौके से 30 हजार कीमत की 22 नग साल चिरान जब्त किया गया है कर राजसात किया है। इस दौरान बीट गार्ड संतोष पैकरा, गिरीश बहादुर सिंह, रामविलास सिंह, अरमो सिंह, नंदकुमार, भारत सिंह, कपूर, रेनस खेस, बसंत राम, इग्नेश बैंक, राजमणि, सविता सिंह मौजूद रहे।

## खलिहान में रखा किसान का पुआल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



ग्राम मानी पोड़ी में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब खलिहान में मवेशियों के चारा के लिए रखे दस ट्रैक्टर पुआल जलकर खाक हो गई। धान मिसाई के बाद किसान खलिहान में पैरावट को रखा था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि महुआ बीनने लिए लगाए गए आग से खलिहान में आग लग गई होगी

जानकारी अनुसार पोड़ी निवासी जुगन राम पनिका अपने फार्म हाउस के समीप खलिहान में धान मिसाई करने के बाद पैरावट को मवेशियों के लिए बचा कर रखा था। किसास के मुताबिक उसके पास छह मवेशी है जिनके लिए लगभग दस ट्रैक्टर पैरा एकत्रित कर रखा था। पतझड़ का दिन होने के कारण आसपास के महुआ पेड़ का पता गिरकर बिखरा हुआ था। लोग महुआ बनने के लिए पेड़ के नीचे पत्तों में आग दिए होंगे जो जलते हुए में खलिहान तक पहुंच गया होगा जिससे पुआल के ढेर में आग लग गई होगी। बताया जा रहा है कि किसान का घर खलिहान से करीब एक किलोमीटर दूर है। ऐसे में जब तक किसान को आग लगने की जानकारी लगी तब तक पुआल के ढेर में आग फैल चुकी थी। हालांकि लोगों ने फार्म हाउस के सौर ऊर्जा पम्प चालू किया लेकिन पंप चालू नहीं हो सका। किसान जुगन राम ने बताया कि मेरे पास छह मवेशी है जो उनका साल भर का चारा था। पुआल के जल जाने पर अब मवेशियों के चारा के लिए भी काफी दिक्कत होगी। हल्का पटवारी विनेश्वर खैरवार ने बताया कि पैरावट के लिए आपदा का प्रबंध नहीं है ,अगर उच्च अधिकारियों से बात करने पर शायद कुछ हो सकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन महिलाओं को करेगा सम्मानित

विकासखण्ड उदयपुर में अदाणी फाउंडेशन प्रदेश की 500 से अधिक महिला शक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित करेगा। सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित इस वृहद और विशेष महिला सम्मान समारोह का आयोजन 8 मार्च को साल्ही के खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विधायक राजेश अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता सहित उनके सम्मान को बढ़ावा देना है।

### स्नातकोत्तर की छात्राओं ने चलाया कैंटीन, बेची मठरी, खुरमी

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की गृह विज्ञान आहार एवं पोषण स्नातकोत्तर की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में कैंटीन का आयोजन किया। छात्राओं ने विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर बिक्री की। छात्राओं ने मल्टीग्रेन आटे की मठरी, खुरमी, आलू चिप्स, मिक्सचर, अंकुरित, सालाद, चाट, फुल्की, मूंगफली और गुड़ के लड्डू बनाए और बिक्री कर रोजगार प्राप्त करने की कला सिखी। विभागाध्यक्ष डॉ.श्रीमती अलका जैन ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डॉ.श्रीमती अजेन टोप्पो, स्टाफ एवं छात्राओं ने कैंटीन में बने व्यंजनों का लुत्फ उठाया और प्रशंसा की। छात्रा आइलिन एक्का ने मैनेजर की भूमिका निभाई एवं अतिथि व्याख्याता लता जायसवाल, योगिता पटेल, लैब टेक्नीशियन प्रीति जायसवाल और मरियम तिर्की ने सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कल

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल 8 मार्च को आयोजित किया जायेगा।महाविद्यालय के प्राचार्य डीपी कोरी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय गोयल, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाडे, भाजपा नेता कृष्ण कुमार गोयल, बिश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रितेश जायसवाल उपस्थित रहेंगे।

### एसजीजीयू की मेजबानी में छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस 2 अप्रैल से

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की मेजबानी में 2 एवं 3 अप्रैल को विवि के भकुरा परिसर में छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस आयोजित किया जाएगा। उभरते युवा वैज्ञानिकों को अनुसंधान गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में 19 विषयों में शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। देशभर के विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों से युवाओं को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में 32 से 35 आयु समूह के पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री के साथ कम से कम दो वर्ष शोध कार्य करने वाले युवाओं को इसमें आमंत्रित किया गया है। चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के स्नातक युवा भी शामिल हो सकेंगे। सम्मेलन में विवि द्वारा देश के जाने-माने वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में विवि शिक्षण विभाग में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। बैठक में सम्मेलन से संबंधित विविध समितियों का गठन किया गया।

### सुवारपारा में लगातार चौथी बार सरपंच पद की शपथ ली संजयनिधि ने



**सेदम।** बतौली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सुवारपारा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नव निर्वाचित सरपंच संजय निधि सिंह भारी मतों से विजय हासिल की। गत दिन शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे सरपंच सहित पंचों ने ग्रामीणों की उपस्थित में शपथ ली। नवनिर्वाचित सरपंच निधि सिंह ने कहा की नाली, बिजली, पानी सहित जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास जो अधूरे हैं उन्हें पूर्ण करा सभी जरूरतमंद ग्रामीण को आवास की आवश्यकता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत में सभी के सहयोग से एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी।

## भाजपा ने लगाया बाहरी लोगों को बुलाने का आरोप

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान ओड़गी में बवाल कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की





चुनाव के दौरान विवाद करते भाजपा-कांग्रेस के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

सूरजपुर जिलान्तर्गत जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बवाल हुआ। इस दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया तथा एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की एवं हाथापाई की। उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया।

**खास बात**

- कांग्रेस का आरोप- मंत्री पति चुनाव को कर रहे थे प्रभावित

गुरूवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारियां चल रही थी। इस दौरान चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी थी। जनपद पंचायत सभाकक्ष के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं सभाकक्ष में भी भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राम राजवाड़े जनपद सीईओ के कक्ष में समर्थकों के साथ मौजूद थे। जनपद सीईओ कक्ष में मंत्री पति के मौजूदगी को लेकर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी नित्यानंद पाठक भड़क गए तथा उन पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में मतदाताओं के अतिरिक्त अन्य के आने पर प्रतिबंध होने के बावजूद सीईओ की मौजूदगी में मंत्री पति मतदाताओं को बुलाकर उन पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि ठाकुर राम राजवाड़े ने कहा कि वे चुनाव को लेकर नहीं बल्कि कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों के संबंध में सीईओ से चर्चा कर रहे थे। उनके बाहर निकलते ही कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भड़क गए तथा शोर मचाने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोक-झोंक हुई तथा कार्यकर्ताओं ने एक-दुसरे से धक्का मुक्की भी की। भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रत्याशी नित्यानंद पाठक पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए बाहर के व्यक्तियों को बुलाने एवं अप्रिय स्थिति निर्मित करने का आरोप लगाया है। इस दौरान पुलिस ने हंगामा मचाने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा है जिसे कांग्रेसी अपना कार्यकर्ता बता रहे हैं।

इस दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस द्वारा बीच-बचाव एवं हंगामें को शांत कराने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में एसडीओपी राजेश जोशी ने बताया कि दोनों पक्ष के लोग आपस में नोक झोंक कर रहे थे पुलिस द्वारा सभी को शांत कराया गया। पुलिस ने हंगामा मचाने वाले एक व्यक्ति को पकड़ा है।

### इंद्रमणि निर्विरोध बने अध्यक्ष

जनपद पंचायत के सभाकक्ष में भाजपा के इंद्रमणि पैकरा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से किसी ने दावेदारी पेश नहीं की। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की सुधा देवी तिवारी एवं कांग्रेस के नित्यानंद पाठक के लिए सदस्यों ने मतदान किया। सुधा देवी तिवारी को 11 वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी नित्यानंद पाठक को 4 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर सुधा देवी तिवारी का निर्वाचित घोषित किया गया।

## समधी के क्रियाकर्म में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

समधी के क्रियाकर्म में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे बाइक सवार को ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है।

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पण्डोनगर निवासी 55 वर्षीय बनारसी पण्डो पिता स्व.सुखराम गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे अपने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 9743 में ग्राम पंचायत बांकीपुर में अपने समधी के क्रियाकर्म में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। तभी महावीरपुर पंचायत के बाईपास सड़क पर पुना पण्डो घर के पास ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 2150 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को विपरीत दिशा से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार बनारसी पण्डो की मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा उपरांत शव को पीएम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर के मर्चुरी में लाकर रखवा दिया है। मामले में ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। वहीं दो घायलों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चांदनी बिहारपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहरसोप निवासी राम लखन आ. तेजलाल (35 वर्ष) 4 मार्च की शाम पत्नी अनारमति के साथ बाइक से सामान लेने किराना दुकान जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपती चांदनी बिहारपुर मुख्य मार्ग मोहर सोप मोड़ के समीप पहुंचे तभी राम लखन बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिसस अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दंपती घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को स्थानीय अस्पताल में उपचार के पश्चात सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां पति की मौत हो गई जबकि पत्नी का उपचार चल रहा है। इसी प्रकार दूसरी घटना में बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोन्दला निवासी निलेश आ. जमुना प्रसाद (21 वर्ष)बुधवार को पड़ोसी विनोद के साथ बाइक से घूमने निकले थे। जैसे ही बाइक सवार बसंतपुर मुख्य मार्ग ग्राम बसुलापाठ में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने निलेश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों की मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




### करंट की चपेट में आने से गई ग्रामीण की जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोरिया कुम्हारटोली निवासी जमहीर साय आ. धुन्धा साय (48 वर्ष) मंगलवार की शाम घर के समीप ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक की मानसिक हालत पिछले 10 साल से खराब थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर व गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार गणेशपुर मोड़ निवासी मान रूप सिंह आ. स्व. घासी (60 वर्ष) 4 मार्च की शाम पैदल बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्रामीण को टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में मायापुर निवासी महिमा कोरवा आ. स्व. सुशील (30 वर्ष) मंगलवार को घर के आंगन में भोजन कर रही थी। तभी अचानक गिर गई जिससे मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई।

### भारतीय किसान संघ की विकासखंड इकाई का गठन

**बलरामपुर।** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष नरेश कुशवाहा के नेतृत्व में हिंदू चौक बलरामपुर में बैठक संघ की आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विकासखंड स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक भारतीय किसान संघ के विकासखंड कार्यकारिणी में अध्यक्ष संतलाल सिंह व उपाध्यक्ष सुधीर सुनवानी को बनाया गया है। इसके साथ ही विकासखंड स्टार पर मंत्री लाल मोहन टोप्पो, युवा प्रमुख विदुर सिंह, महिला प्रमुख श्रीमती मायावती सिंह, जैविक किसान संघ प्रमुख सुरेंद्र सिंह को बनाया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद जिला प्रमुख ने विकासखंड प्रमुख को जिम्मेदारी सौंप कर किसान हित में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। अध्यक्ष संत लाल सिंह ने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी है दी गई है हम उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।












नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

